Maintenance of assets created under JRY

1991. SHRI AHMED PATEL: Will the Minister of RURAL AREAS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that in. most of the States including Gujarat where JRY is being implemented, adequate attention has not been given to the maintenance of assets createad under JRY;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the steps proposed to be taken by Government to ensure proper maintenance of assets created under JRY by the States?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RURAL AREAS AND EMPLOYMENT (SHRI BABAGOUDA PATIL): (a) to (c) No, Sir. Panchayats can use upto 10 per cent of annual allocation for the maintenance of assets created under Jawahar Rozgar Yojana (JRY) in all the States of the country including Gujarat.

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने संबंधी योजनायें

1992. **श्री वलवंत सिंह रामूवालिया** :

श्री कपिल सिब्बल :

क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए अनेकों योजनाओं कार्यान्वित की गई है;

(ख) यदि हां, तो यह योजनायें कौन-कौन सी है तथा इन योजनाओं के माध्यम से हर वर्ष रोजगार के कितने अतिरिक्त अवसर पैदा करने का लक्ष्य है, और

(ग) गत वर्षो के दौरान रोजगार के अतिरिक्त अवसर पैदा करने की औसत वार्षिक दर क्या रही हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाबागौडा पाटील) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) जवाहर रोजगा योजना, सुनिश्चित रोजगार योजना, दस लाख कुओं की योजना, समन्वित ग्रामीण विकास कार्यान्वम, ग्रामीण महिला एवं बाल विकास (डवाकरा) ग्रामीण युवाओं स्व-रोजगार प्रशिक्षण (ट्राईसेम) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही मुख्य रोज-गारोन्मुख योजनायें है। इस योजना के अन्तर्गत रोजगार के अतिरिक्त अवसरों का सृजन करने का लक्ष्य तथा रोजगार के लिये अतिरिक्त अवसरों के सृजन का ब्यौरा अनुपत में दिया गया है। (देखिये परिशिष्ट 185, अनुक्रम सं0 49)

स्वैच्छिक संगठन द्वारा अनियक्षितायें

1993. **श्री रामदेव भंडारी :** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कपार्ट द्वारा नियुक्त एक जांच एजेंसी न बिहार के मधुबनी जिल में "सामाजिक शैक्षणिक विकास केन्द्र" पथराही झंझारपुर (आर.एस.) नामक एक स्वयं सेवी संस्था द्वारा करीब 10 लाख रूपये की अनियमितताएं किये जाने का आरोप लगाया है तथा संस्था के विरूद्ध कार्यवाई करने की सिफारिश की है,

(ख) इस एजेन्सी द्वारा कौन सी तारीख को सिफारिश की गई थी,

(ग) क्या क्पार्ट द्वारा कार्यवाई की गयी है, और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है और कार्यवाई कब तक किये जाने की संभावना है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाबागौडा पाटील) : (क) कपार्ट ने सूचित किया है कि दो परियोजना मूल्याकंनकर्ताओं के संयुक्त दल ने कपाट द्वारा मधुवनी जिले में सामाजिक शैक्षणिक विकास केन्द्र, पथराही, झंझारपुर (आर.एस.) को स्वीकृत परियोजनाओं से 9.74 लाख रूपये की वसूली की सिफारिश की थी।

(ख) कपार्ट ने सूचित किया है कि उन्हें परियोजना मूल्यांकनकर्ताओं की रिपोर्ट 6.1.97 और 5.2.97 को प्राप्त हुई।

(ग) जी, हां। कपार्ट ने इस स्वैच्छिक संगठन से 9.74 लाख रूपये की वसूली के लिए प्रशासनिक कार्यवाही शुरू की है। तथापि, संगठन ने उक्त कार्यवाई को चुनौती देते हुए उप-न्यायाधीश, झंझारपुर के न्यायालय में 13.2.98 को कपार्ट के विरूद्ध एक दीवानी मुकदमा किया है।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

समेकित बंजरभूमि विकास योजना

1994. **श्री चिनमभाई हरिभाई शुक्ला** : क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) समेकित बंजरभूमि विकास योजना के मुख्य उद्देश्य क्या है और इस योजना के अन्तर्गत किन-किन पहलुओं को शामिल किया गया है,

(ख) विगत तीन वर्षो के दौरान इस योजना के अन्तर्गत क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं और इस सम्बन्ध में कितनी सफलता प्राप्त हुई;

(ग) इस अवधि के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा इस प्रयोजनार्थ राज्य-वार कितनी सहायता दी गई, और

(घ) इस योजना को सफल बनाने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बाघागौड़ा पाटील : (क) बंजरभूमि विकास विभाग समेकित बजंरभूमि विकास परियोजना स्कीम कार्यान्वित कर रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य वाटरशेड विकास सम्बन्धी मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार बनेतर बंजरभूमि को विकसित करना है। इस योजना की मुख्य विशेषता स्थानीय तौर पर उपलब्ध कम लागत वाली प्रौद्योगिकी के लिये बंजरभूमि के विकास में समुदाय को शामिल करना है।

(ख) और (ग) समेकित बंजरभूमि विकास परियोजना स्कीम के अन्तर्गत राज्य वार लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जाते हैं। इस योजना के तहत परियोजना प्रस्ताव जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों/जिलां परिषदों के द्वारा तैयार किए जाते हैं तथा उन्हें य परियोजनाएं परियोजना-दर-परि-योजना आधार पर स्वीकृत की जाती है। पिछले तीन वर्षो, अर्थात 1995-96, 1996-97 तथा 1997-98 के दौरान 2,32.00 हैक्टेयर बंजरभूमि विकसित करने के लिये जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों/जिला परिषदोंको 155.75 करोड़ रूपये की राशि जारी की गई थी।

(घ) कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के लिए समुदाय की व्यापक स्तर पर भागीदारी अपेक्षित हैं। बाटरशेड संघ, वाटर-शेड समितियां , प्रयोबत, समूह, स्व-सहायता समूह गठित किये गये है। राज्य और केन्द्र के स्तर पर कार्यक्रमों की मानीटरिंग और निरीक्षण किया जाता है। राज्य सरकारों/जिला ग्रामीण विकास एजेंसियों/जिला परिषदों से कार्यक्रम के कारगर कार्यान्वयन में स्थानीय को शामिल करने के लिये बार-बार अनुरोध किया जाता है।